# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 05.09.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 05.09.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनांक 05.09.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन में चल रही आरटीसी प्रशिक्षण के रिक्रूट आरक्षियों के साथ कान्हा सभागार में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के दौरान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा रिक्रूट आरक्षियों से उनकी प्रशिक्षण से संबंधित समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों के बारे में जानकारी ली तथा उनकी बातों को गंभीरता से सुना। उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने रिक्रूट्स का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और संवैधानिक मूल्यों का पालन करने के साथ साथ आरक्षियों को एक कुशल और समर्पित पुलिसकर्मी बनने हेतु बताया गया एवं रिक्रूट आरक्षियों के आवास, खाने,पीने का पानी,स्नानागार, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था कराये जाने,स्नानागार,शौचालय आदि की नियमित साफ सफाई कराने,आवासीय स्थान,क्लासरूम,स्नानागार,शौचालय,मेस आदि स्थानों में बिजली,पंखा,कूलर आदि की पर्याप्त व्यवस्था कराये जाने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।
इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स/कार्यालय श्री यामीन अहमद, प्रतिसार निरीक्षक श्री राम शीष यादव, आरटीसी प्रभारी श्री प्रदीप कुमार यादव ,पीआरओ श्री प्रदीप पाल एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/ब्रिकी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री दुर्गविजय सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अनिल कुमार व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त बुद्धिलाल कोल पुत्र सुखलाल कोल निवासी अहिरनपुर दबवा मजरा खण्डेहा थाना मऊ जनपद चित्रकूट को 23 अदद क्वार्टर देशी शराब मस्तीहू नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना मऊ पर धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।
गिरफ्तार करने वाली टीम-
1.उ0नि0 श्री अनिल कुमार
2.आरक्षी मनीष यादव

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यापल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा नाबालिक से छेडखानी करने वाले वांछित आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया ।

उल्लेखनीय है कि 23.07.2025 को एक ग्राम वादी द्वारा थाना कोतवाली कर्वी पर सूचना दी कि अभियुक्त नरेन्द्र यादव पुत्र स्व0 सुरजीत उर्फ चुन्ना निवासी अण्डौली थाना कमासिन जनपद बांदा द्वारा वादी के घर में घुसकर वादी की नाबालिक पुत्री के साथ बुरी नियत के साथ छेड़खानी की गयी जिसके चिल्लाने से वादी व वादी के परिवारजनों के आने पर अभियुक्तगण द्वारा लाठी डंडो से मारपीट करते हुये गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी । जिससे वादी के पिता सर पर गंभीर चोट आने से मौके पर बेहोश हो गये। सूचना के आधार पर थाना कोतवाली कर्वी में मु0अ0स0 461/25 धारा 65(1),333,110,115(2),351(3),352 बीएनएस व ¾ पॉक्सो एक्ट बनाम1.नरेन्द्र यादव पुत्र स्व0 सुरजीत उर्फ चुन्ना निवासी अण्डौली थाना कमासिन जनपद बांदा 2. शिवप्रसाद पुत्र केदारनाथ 3.गयाप्रसाद पुत्र केदारनाथ निवासीगण नारायनपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट पंजीकृत किया गया। आज दिनाँक 05.09.2025 को उ0नि0 श्री कौशल सिंह व उनकी टीम ने मु0अ0सं0 मु0अ0स0 461/25 धारा 65(1),333,110,115(2),351(3),352 बीएनएस व ¾ पॉक्सो एक्ट के वाँछित अभियुक्त नरेन्द्र यादव उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम-
1.उ0नि0 श्री कौशल सिंह
2.आरक्षी राहुल पाण्डेय

**(6).**बारावफात( मीलाद-उन-नबी) पर्व को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत कर्वी शहर के भरतपुरी, कजियाना मौहल्ला, फरासन टोला , लक्ष्मनपुरी, उतारखाना मस्जिद एवं भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से निगरानी की गयी

आज दिनांक 23.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में बारावफात( मीलाद-उन-नबी) पर्व को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत कर्वी शहर के भरतपुरी, कजियाना मौहल्ला, फरासन टोला , लक्ष्मनपुरी, उतारखाना मस्जिद एवं भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से निगरानी की गयी ।